# मेरी कुटिया में ओ मैया आ भी जाओ ना भजन लिरिक्स

मेरी कुटिया में ओ मैया,
आ भी जाओ ना,
पल दो पल ही सही,
माँ मेरे संग बिताओ ना,
पल दो पल ही सही,
माँ मेरे संग बिताओ ना,
मेरी कुटिया में ओ मईया,
आ भी जाओ ना।bd।

तर्ज – तेरी गलियों का हूँ आशिक़।

---

पलकों की पालकी में हम,
तुम्हे बिठाएंगे,
अश्को के हार से मैया,
तुम्हे सजाएंगे,
आ के घर में मेरी इज्जत,
मेरी बढ़ाओ ना,
मेरी कुटिया में ओ मईया,
आ भी जाओ ना।bd।

---

भोग छप्पन नहीं है फिर भी,
है माँ हलवा चना,
भाव से अर्पण भवानी,
जो भी मुझसे बना,
भाव की भूखी हो गर,
रुखा सूखा खाओ ना,
मेरी कुटिया में ओ मईया,
आ भी जाओ ना।bd।

---

नसीब मेरे जगेंगे,
माँ तेरे आने से,
सुकून दिल को मिलेगा,
भजन सुनाने से,
दास 'पंकज' की है अर्जी,
माँ ठुकराओ ना,
**Bhajan Diary,**
**मेरी कुटिया में ओ मईया**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आ भी जाओ ना।**bd**।

मेरी कुटिया में ओ मैया,
आ भी जाओ ना,
पल दो पल ही सही,
माँ मेरे संग बिताओ ना,
पल दो पल ही सही,
माँ मेरे संग बिताओ ना,
मेरी कुटिया में ओ मईया,
आ भी जाओ ना।**bd**।

**Singer – Juli Singh**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com